# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 23.12.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

राज्यपाल–सह–झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने हजारीबाग स्थित विनोबा भावे विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और शोधार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि दीक्षांत जीवन के एक अध्याय की पूर्णता और नए अध्याय की शुरुआत है। उन्होंने विद्यार्थियों से विश्वविद्यालय से मिले ज्ञान, मूल्य और संस्कारों का उपयोग समाज व राष्ट्रहित में करने तथा 'विकसित भारत @2047' और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। राज्यपाल ने शिक्षा को केवल आजीविका नहीं, बल्कि संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक निर्माण का माध्यम बताते हुए सामाजिक दायित्व निभाने पर जोर दिया। इससे पूर्व उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में संत विनोबा भावे की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

**********************

गुमला के माझाटोली में 30 दिसंबर को आयोजित होने वाले अंतर्राज्यीय जनसांस्कृतिक समागम कार्तिक जतरा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित आगमन को लेकर उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन ज़मां की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, रूटलाइन, कार्यक्रम स्थल की तैयारी, प्रोटोकॉल और लॉजिस्टिक व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा कर संबंधित विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। अधिकारियों को राष्ट्रपति के दौरे को पूरी तरह सुरक्षित, सुचारु और गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए।

**********************

देवघर में एक हजार चार सौ मेगावाट के न्यूक्लियर पावर प्लांट की स्थापना को लेकर एनटीपीसी द्वारा साइट चिन्हित किया जाना देवघर और पूरे झारखंड के लिए ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। इस परियोजना से ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी, औद्योगिक विकास को गति मिलेगी और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। सांसद निशिकांत दुबे ने इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में ठोस पहल बताते हुए कहा कि यह देवघर ही नहीं, पूरे संथाल परगना के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

**********************

साहिबगंज जिले के सभी उच्च विद्यालयों में किशोरियों को शिक्षित कर बाल विवाह उन्मूलन, कौशल विकास, रोजगार के लिए जागरूकता, आत्मनिर्भरता तथा आत्मरक्षा के लिए विशेष कार्यक्रमों द्वारा जानकारी दी जा रही है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

**********************

जमशेदपुर में शिक्षा व्यवस्था की बदहाली को लेकर छात्र संगठन एआईडीएसओ ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। संगठन की ओर से शुभम झा ने बताया कि छात्रवृत्ति भुगतान, शिक्षकों की बहाली, छात्र संघ चुनाव, छात्राओं की सुरक्षा, फीस वृद्धि वापस लेने तथा स्कूल–कॉलेजों में आधुनिक लैब और लाइब्रेरी की मांग की गई है।

**********************

टाटा स्टील में नौकरी दिलाने का झांसा देकर खुद को अधिकृत वेंडर बताने वाले युवक ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के नाम पर छह सौ चौहतर लोगों से प्रति व्यक्ति एक हजार पच्छहतर रुपये वसूले। इस तरह आरोपित ने करीब 7.24 लाख रुपये की ठगी की और बाद में मोबाइल बंद कर फरार हो गया। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

**********************

राज्य में ठंड और कोहरे का प्रकोप जारी है।, मौसम विभाग के अनुसार आज राज्य के आठ जिलों पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, रामगढ़, हजारीबाग और कोडरमा में घना कोहरा के साथ शीतलहर चलने की संभावना है। इसके तहत मौसम विभाग ने इन जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है ।